an>

Title: Need to restore the flight series on Mumbai-Nanded-Latur and Mumbai-Kolhapur sectors in Maharashtra.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): महोदय, काफी समय से मुम्बई-नांदेड़-लातूर तथा मुम्बई-कोल्हापुर फ्लाइट बंद है जबकि दोनों फ्लाइट्स में पर्याप्त समय के लिए यात्री मौजूद हैं। इन दोनों फ्लाइट्स के बंद होने से यात्रियों में भारी आक्रोश है। मैं सरकार से दोनों विमान सेवाओं को जल्दी शुरू करने की मांग करता हूं। मुम्बई-कोल्हापुर विमान सेवा को फिलहाल बंद करने का कारण कोल्हापुर विमान तल रन वे का मरम्मत कार्य बताया जा रहा है जबकि वहां कोई मरम्मत कार्य नहीं हो रहा है। हमें मुम्बई-नांदेड़-लातूर फ्लाइट बंद होने का कारण समझ में नहीं आया है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि दोनों मार्गों पर हवाई सेवाएं शीघ्रताशीघ्र बहाल की जाएं। मैंने इस बारे में विभाग से कई बार निवेदन किया है मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार इस तरफ ध्यान दे।